डिजिटल इंडिया विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन 19 नवंबर 2022 को किया गया।

जनता कॉलेज बकेवर इटावा मे राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनांक 19 नवंबर 2022 को डिजिटल इंडिया विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय पुस्तकालय में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 2 दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डिजिटल इंडिया पर अपने विचारों को उन्होंने पोस्टर पर उतारा तथा रंगों से सजाया। कार्यक्रम का संयोजन श्री रामदास वर्मा , श्री अरविंद चौधरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ ललित गुप्ता द्वारा किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो(डॉ) राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैप्टन उपेंद्र नाथ पांडे ने छात्र छात्राओं के लिए लाइब्रेरी के महत्व पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा बनाए गए पोस्टर्स की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ प्रकाश दुबे , एवं श्री गोपीनाथ मौर्य द्वारा छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टरों का मूल्यांकन किया गया। प्रथम स्थान रोशनी पाल एमएससी प्रथम सेमेस्टर जूलॉजी द्वितीय स्थान श्रेया वर्मा एमएससी फाइनल जूलॉजीएवं तृतीय स्थान आयुषी त्रिपाठी बीएससी प्रथम सेमेस्टर मैथ ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के पूर्व छात्र श्री रविकांत दुबे ने किया। कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार पांडे , डॉ धर्मेंद्र कुमार भौतिकी , डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा , डॉ योगेश शुक्ला , श्री सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, आदि ने उपस्थित होकर सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जी द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को एक पुस्तक भेंट की गई।

युवा Youth

डिजिटल इंडिया की तस्वीर उभार कर रोशनी आईं प्रथम

पुस्तकालय सप्ताह के समापन पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कालेज में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के समापन पर डिजिटल इंडिया विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डिजिटल इंडिया की वास्तविक तस्वीर उभारने पर रोशनी पाल को प्रथम स्थान मिला।

मुख्य अतिथि समाजसेवी कैप्टन उपेंद्र नारायण पांडे ने लाइब्रेरी के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के पोस्टर्स की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन पुस्तकालय प्रभारी रामदास वर्मा, अरविंद चौधरी व पोस्टर प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ ललित गुप्ता ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने की।

निर्णायक मंडल में शामिल रसायन विभाग की डॉ ज्योति भदौरिया, भौतिकी के डॉ प्रकाश दुबे, कृषि के डॉ गोपीनाथ मौर्य ने पोस्टरों का मूल्यांकन किया। प्रथम स्थान एमएससी प्रथम सेमेस्टर जंतु विज्ञान रोशनी पाल को, द्वितीय स्थान एमएससी फाइनल की श्रेया वर्मा और तृतीय स्थान बीएससी प्रथम सेमेस्टर मैथ की आयुषी त्रिपाठी को मिला। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के पूर्व छात्र रविकांत दुबे ने किया। कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार पांडे, डॉ धर्मेंद्र कुमार भौतिकी, डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा, डॉ योगेश शुक्ला, श्री सत्यार्थ प्रकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

पोस्टर दिखातीं प्रतिभागी। संवाद